# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 13.09.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1. अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध शस्त्रो निर्माण/तस्करी, अवैध शस्त्र धारको पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 13.09.2024 को उ0नि0 रामगोपाल आर्य थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त रोहन पुत्र राजेन्द्र निवासी झांझनपुर थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद को अवैध एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना सिविल लाईन्स पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 0798/2024 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**अपराधिक इतिहासः-**

1- मु0अ0सं0- 87/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
2- मु0अ0सं0- 403/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
3- मु0अ0सं0- 532/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
4- मु0अ0सं0 798/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

## 2. धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाब बनाने एवं वीडियो वायरल करने की धमकी देने के 02 आरोपी गिरफ्तार थाना मूढ़ापाण्ड़ेः-

अवगत कराना है कि दिनांक 11.09.2024 को वादिनी निवासी थाना मूढ़ापाण्ड़े क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी एवं सहेलियो को घर मे बन्द कर छेडछाड ,अश्लील छिंटाकशी करना तथा धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाब बनाकर धमकी देना एवं विडियो वायरल करने के संबंध में तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मूँढ़ापाण्ड़े पर मु0अ0सं0- 457/24 धारा- 342/354/294 भादवि व 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 पंजीकृत किया गया है। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 13-09-2024 को उ0नि0 रविन्द्र कुमार थाना मूढ़ापाण्ड़े जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्तगण 1- मुस्तफा पुत्र मजीद निवासी ग्राम रोण्डा थाना मूढ़ापाण्ड़े जनपद मुरादाबाद , 2- हिना पत्नी मुस्तफा निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया तथा साक्ष्यो/बयानो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा-7/8 पोक्सो एक्ट 34 बीएनएस की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

## 3. थाना कटघर पुलिस द्वारा 03 वारण्टीयों को गिरफ्तार किया गयाः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध/अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं वांछित/वारण्टीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 13.09.2024 को उ0नि0 बृजेश कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के वारण्टीं 1.फरहान पुत्र अमीर दूल्हा निवासी उडपुरा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद । 2. रिहान पुत्र अमीर दूल्हा निवासी उपरोक्त । 3. शमशाद पुत्र मुस्तकीम निवासी उपरोक्त जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित वारण्टं मुकदमा नं0- 7011/18 अ0सं0- 541/16 धारा- 147/148/336 भादवि व 7 सीएलए एक्ट को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस